हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 26 सितंबर 2026

04 धीरपुर में मुनियों ने की धर्म साधना 27 सितंबर को निकलेगा ...



07 गणेश प्रतिमाओं को तुलसी सरोवर पर विसर्जन, शहर में निकले चल समारोह



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

बीएड चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



गुना। ओमकार महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हाल ही में क्रांतिवीर तात्या टोपे महाविद्यालय, गुना द्वारा घोषित बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर शानदार परिणाम प्राप्त करते हुए महाविद्यालय की सफलता में एक और अध्याय जोड़ा है। घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार ओमकार महाविद्यालय के बीएड चतुर्थ सेमेस्टर में गरिमा जैन ने 84.62 प्रतिशत, चंचल जैन ने 83.31 प्रतिशत तथा प्रवीण श्रीवास्तव ने 82.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार अमरलता शैक्षणिक समिति द्वारा संचालित मालवा कॉलेज, बीनागंज के बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। यहां रिषिका शर्मा ने 83.37 प्रतिशत, मोहित गुर्जर ने 83 प्रतिशत तथा खुशी मांडरे ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर ओमकार महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. प्रदीप कुमार सेन, संचालिका डॉ. मधु कृष्णानी एवं श्री आनंदमंगल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

कुंभराज में भगवान वासुपूज्य स्वामी का जन्म एवं निर्वाण कल्याणक मनाया



कुंभराज। दस लक्षण महापर्व के अंतिम दिवस अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर श्री दिगंबर जैन समाज कुंभराज द्वारा भगवान श्री 1008 वासुपूज्य स्वामी का जन्म एवं निर्वाण कल्याणक श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज की ओर से भव्य धर्म प्रभावना जुलूस निकाला गया, जिसमें समाज के धर्मप्रेमी बंधुओं, मातृशक्ति एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री वासुपूज्य स्वामी की विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ हुई। भगवान के निर्वाण कल्याणक के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया। धर्म प्रभावना जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला। जुलूस के दौरान भगवान के जयकारों एवं धार्मिक भजनों से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। जुलूस के मंदिर पहुंचने के बाद चारों इंद्रों द्वारा भगवान की शांतिधारा की गई। इसके पश्चात फूलमाल के पुण्यार्जक श्रीमती सुखवती देवी, अमित कुमार एवं अंतिम कुमार जैन सियारी परिवार तथा ध्वजारोहण के पुण्यार्जक अशोक कुमार एवं राहुल कुमार जैन सियारी परिवार रहे।

रामाकापुरा रोड पर तेज रफ्तार पल्सर ने स्प्लेंडर को मारी टक्कर

गुना। जिले के मृगवास थानांतर्गत सानई चौकी क्षेत्र के रामाकापुरा रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से आ रही मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक, उसकी मां और दोस्त तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सानई निवासी फरियादी विशाल बाल्मीक ने बताया कि गत शाम करीब 7 बजे वह अपनी मां विध्या बाई और दोस्त संतोष अहिरवार के साथ गुना से लौट रहा था। तभी रामाकापुरा रोड पर सानई निवासी मोहित प्रजापति ने अपनी पल्सर बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उनकी स्प्लेंडर में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों को घुटने, मुंह और कंधे में गंभीर चोटें आई हैं।

एक ही रात में दो थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातें

दुकान से नकदी-जेवरात और कस्तूरबा नगर से 3 बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला मुख्यालय पर आपराधिक तत्वों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे पुलिस गश्त को ठेंगा दिखाते हुए एक ही रात में बेधडक़ वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की दो बड़ी घटनाओं ने कानून-व्यवस्था और रात्रि गश्त पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। एक तरफ जहां सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नई सडक़ इलाके में चोरों ने एक दुकान के शटर उठाकर नगदी और जेवरातों पर हाथ साफ किया, वहीं दूसरी ओर कैंट थाना क्षेत्र के कस्तूरबा नगर में दो घरों से बुलेट सहित तीन बाइक चुरा ली गई। गनीमत यह रही कि दोनों ही वारदातें आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैं।

शटर आधी खोलकर 50 हजार का माल समेटा

पहली वारदात शहर के दिल कहे जाने वाले नई सडक़ क्षेत्र की है। पीड़ित व्यापारी दिलीप सिंह परिहार ने बताया कि नई सडक़ पर उनकी परि पोषक नाम से रेडीमेड व प्रसाधन की दुकान है। गत रात वे नियमानुसार दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब वे दुकान पहुंचे, तो शटर आधी खुली देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। चोर गल्ले में रखे 10 हजार रुपये नगद और हजारों रुपये मूल्य की कीमती ज्वेलरी समेटकर फरार हो चुके थे। इस वारदात में पीड़ित को करीब 40 से 50 हजार रुपये का प्रत्यक्ष नुकसान हुआ है। व्यापारी ने जब दुकान व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली, तो उसमें एक संदिग्ध व्यक्ति देर रात करीब 1 बजे सडक़ पर संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता हुआ नजर आया। चौंकाने वाली बात यह है कि फुटेज में गश्त कर रही पुलिस टीम भी उक्त संदिग्ध को रोककर पूछताछ करती दिखाई दे रही है, लेकिन इसके बावजूद बदमाश वारदात को अंजाम देने में कामयाब रहा।



अज्ञात शातिर चोरों ने सूनेपन का फायदा उठाकर बुलेट पर हाथ साफ कर दिया

कस्तूरबा नगर इलाके में सामने आई। यहां के निवासी सुमित रजक ने बताया कि रात के करीब 2 बजे आठ-दस लोगों ने धावा बोला। इस दौरान घर के गेट का ताला तोडक़र दो मोटर सायकिलें ले गए। जिसमें स्पेलेंडर एवं होंडा साईन चोरी करके ले गए। कैमरों में 9 लोग दिख रहे हैं। घटना के समय परिवार हो रहाथा। सुमित केयहां वारदात देने के बाद बदमाशों ने पड़ोसी के यहां सेंधमारी की। इस दौरान यहां के निवासी अमानत उल्ला पुत्र किफायत उल्ला की 2022 मॉडल रॉयल एनफील्ड हंटर (बुलेट) बाइक क्रमांक एमपी 09-2359 उनके निवास स्थान के बाहर रोज की तरह खड़ी थी। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 1 से 2 बजे के बीच अज्ञात शातिर चोरों ने सूनेपन का फायदा उठाकर बुलेट पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब पीड़ित घर से बाहर निकले तो बाइक नदारद थी। काफी तलाश करने के बाद जब कस्तूरबा नगर की गलियों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, तो उसमें अज्ञात बदमाश बुलेट चुराकर ले जाते हुए साफ तौर पर दिखाई दिए।

पुलिस जांच में जुटी, सीसीटीवी फुटेज बने अहम सुराग

तीनों ही घटनाओं से आक्रोशित पीड़ितों ने सिटी कोतवाली एवं कैंट में पहुंच कर पुलिस को लिखित आवेदन सौंपे हैं। साथ ही सीसीटीवी फुटेज की डिजिटल रिकॉर्डिंग भी पुलिस अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई है। शहर में एक ही रात में घटित इन दो वारदातों के बाद व्यापारियों और आम नागरिकों में असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। फिलहाल दोनों थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों की पहचान व पतारसी शुरू कर दी है और जल्द ही गिरोह का पर्दाफाश करने का दावा किया है।

प्लॉट दिखाने के बहाने बुलाकर युवक पर जानलेवा हमला

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत भगत सिंह कॉलोनी स्थित मरघट शाला के पास एक युवक पर जानलेवा हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। पुरानी रंजिश और विरोधी पक्ष से बुराई करने के शक में दो आरोपियों ने युवक को प्लाट देखने के बहाने बुलाया और लोहे की सरिया व डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शिव कॉलोनी निवासी फरियादी सतेन्द्र रघुवंशी ने कैंट थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गत रात करीब 9:10 बजे फोन पर सूचना मिली कि उनके भाई रजीत रघुवंशी के साथ गोपालपुरा रोड पर मारपीट हुई है और डायल 112 पुलिस टीम उसे जिला अस्पताल ले गई है। अस्पताल पहुंचने पर रंजीत के मुंह, सिर, हाथ-पैर और पूरे शरीर पर गंभीर चोटें पाई गईं। गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उसे तत्काल इंदौर के सीएचएल अपोलो अस्पताल ले गए, जहां कई दिनों तक आईसीयू में उसका इलाज चला। रंजीत के अनुसार, देवरी निवासी नितिन रघुवंशी ने उसे प्लाट देखने के बहाने भगत सिंह कॉलोनी बुलाया था। वहां पहुंचते ही नितिन और उसके एक अज्ञात साथी ने उस पर विरोधियों से बुराई करने का आरोप लगाते हुए लोहे की सरिया और डंडों से हमला कर दिया।

108 सेवा कर्मचारियों का विवाद गहराया

एक सप्ताह में दूसरी बार प्रबंधक के समर्थन में कलेक्ट्रेट पहुंचे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में संचालित 108 आपातकालीन सेवा से जुड़े कर्मचारियों का विवाद लगातार गहराता जा रहा है। एक सप्ताह के भीतर कर्मचारी दूसरी बार कलेक्ट्रेट पहुंचे हैं। इस बार कर्मचारियों के एक पक्ष ने जिला प्रबंधक शादाब खान के समर्थन में कलेक्टर को आवेदन सौंपकर उन्हें पद से हटाए जाने की कार्रवाई रोकने और उनके विरुद्ध शिकायत करने वाले कर्मचारियों की भूमिका की जांच कराने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि पायलट अनिल कुमार, वीरेंद्र जाटव, सुनील पालिया तथा आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन सुमन कुशवाह द्वारा जिला प्रबंधक शादाब खान के विरुद्ध लगाए गए आरोप तथ्यहीन और निराधार हैं। आवेदन देने वाले कर्मचारियों का दावा है कि शिकायत करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ पहले से ही मानव संसाधन विभाग और कंपनी स्तर पर ड्यूटी में लापरवाही तथा अनुशासनहीनता से जुड़ी शिकायतें दर्ज हैं। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ एम्बुलेंस के टायर एवं अन्य सामग्री बेचने, ईंधन में अनियमितता, मरीजों अथवा उनके परिजनों से राशि मांगने, वाहनों को जानबूझकर खराब करने, आपातकालीन कॉल का जवाब नहीं देने और निर्धारित स्थान पर एम्बुलेंस नहीं रखने जैसी शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं। इन्हीं मामलों को लेकर कंपनी स्तर पर कार्रवाई और काम से रोकने जैसी प्रक्रिया किए जाने का दावा भी किया गया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पिछले करीब एक माह से संबंधित लोग अपनी कार्य संबंधी कमियों और पूर्व कार्रवाई के लिए जिला प्रबंधक शादाब खान को जिम्मेदार ठहराते हुए लगातार शिकायतें कर रहे हैं। इससे 108 सेवा के संचालन पर भी असर पडऩे की आशंका जताई गई है। आवेदनकर्ताओं का कहना है कि शादाब खान द्वारा कर्मचारियों को केवल निर्धारित स्थान पर वाहन रखने, समय पर आपातकालीन कॉल लेने और नियमों के अनुसार ड्यूटी करने के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए।



बस किराया वृद्धि वापस लेने और फ्री बस पास की मांग को लेकर डीएसओ का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

स्थानीय अंबेडकर चौराहा पर छात्र संगठन डीएसओ द्वारा बस किराए में की गई वृद्धि वापस लेने और सभी छात्रों के लिए फ्री बस पास उपलब्ध कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में कॉलेज छात्र अमित तथा रोहित अहिरवार ने अपनी बात रखी। जिलाध्यक्ष शुभम राव ने कहा कि हाल ही में 5 अगस्त 26 को बस किराए से संबंधित नए नियम लागू किए गए, जिसके तहत साधारण बस का किराया 1.25 प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 2 प्रति किलोमीटर तथा न्यूनतम किराया 10 किया गया है। सामान्य बसों में रात के समय 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त किराया लिया जा सकता है। इसके अलावा डीलक्स, स्लीपर और एसी बसों के किराए में भी वृद्धि की गई है। महंगाई और बेरोजगारी के बीच किराए में यह बढ़ोतरी आम परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालती है। इसका विशेष प्रभाव गांवों से शहरों में पढ़ाई या काम के लिए आने-जाने वाले छात्रों, मजदूरों और नियमित यात्रियों पर पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि गुना के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगभग 15 हजार छात्र अध्ययनरत हैं। छात्रों से बस सुविधा के नाम पर 365 लिए जाते हैं, लेकिन इतने बड़े छात्र समुदाय के लिए केवल एक बस उपलब्ध होना पर्याप्त नहीं है। एक ओर स्कूल-कॉलेजों की फीस और अन्य शैक्षणिक खर्च बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर परिवहन का खर्च भी लगातार बढ़ता जा रहा है। दूर-दराज के गांवों से 100 से 150 किलोमीटर की दूरी तय कर पढ़ाई करने आने वाले छात्रों को प्रतिदिन लगभग 300 तक किराया देना पड़ रहा है।



मुख्य चुनाव आयुक्त को तत्काल पद से बर्खास्त करने और एसआईआर रोकने प्रदर्शन

गुना। एसयूसीआई(सी) के द्वारा शुक्रवार को स्थानीय हनुमान चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी राज्य कमेटी सदस्य लोकेश शर्मा ने कहा कि मीडिया में चुनाव आयोग के संबंध में किए गए खुलासों ने आम जनता और विशेष रूप से लोकतांत्रिक लोगों के बीच चुनाव आयोग की सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

इससे यह स्पष्ट होता है कि तीन में से दो चुनाव आयुक्तों ने विभिन्न पहलुओं पर अपनी आपत्तियां दर्ज की हैं। लेकिन मौजूदा कानून का उल्लंघन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कथित रूप से सत्ता में मौजूद पार्टी भाजपा के पक्ष में सभी फैसले एकतरफा लिए और विभिन्न राज्यों में उसकी चुनावी जीत सुनिश्चित करने का प्रयास किया। पार्टी जिला कमेटी सदस्य मनोज रजक ने अपने संबोधन में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि यह हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों पर एक फासीवादी हमला है। ऐसी परिस्थिति में मांग करतें है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल पद से हटाया जाए। एसआईआर की पूरी प्रक्रिया तत्काल रोकी जाए। एसआईआर में हटाए गए 13 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में पुनः शामिल किए जाएं।



12 दिन तक चला गणेशोत्सव, हवन-पूजन भंडारों और चल समारोह के साथ हुआ संपन्न

अनंत चतुर्दशी पर तालाब में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में पिछले 12 दिनों से चल रहा गणेशोत्सव शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के साथ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के बीच संपन्न हुआ। सुबह से ही शहर के विभिन्न गणेश पंडालों में धार्मिक अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया था। हवन-पूजन, पूर्णाहुति और कन्या भोज के बाद कई स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया।

गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर भक्तिमय माहौल देखने को मिला। श्रद्धालु 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष के साथ अपने आराध्य को विदाई देते नजर आए। विभिन्न स्थानों से निकली विसर्जन यात्राओं में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।



कैंट में अनंत चतुर्दशी महोत्सव की धूम

शहर के कैंट क्षेत्र में भी अनंत चतुर्दशी महोत्सव को लेकर खासा उत्साह रहा। आयोजक समिति के अध्यक्ष बारेलाल धाकड़ ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ रात 8 बजे से हुआ। इस दौरान आकर्षक विमानों का चल समारोह निकाला गया, जिसमें धार्मिक एवं सामाजिक चेतना पर आधारित झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। चल समारोह में करीब आधा दर्जन अखाड़ों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा पारंपरिक लहंगी मंडली और ढोंगापुरा में आयोजित आर्केस्ट्रा कार्यक्रम भी महोत्सव के प्रमुख आकर्षण रहे। आयोजन में बड़ी संख्या में शहरवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। महोत्सव को देखते हुए सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस, स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका की टीमों को तैनात किया गया। प्रशासन द्वारा भीड़ नियंत्रित करने के लिए व्यवस्थाएं की गईं।

सिंगवासा तालाब पर विसर्जन व्यवस्था का निरीक्षण

अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन को सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने भी विशेष तैयारियां कीं। इसी क्रम में नगर पालिका सीएमओ शैलेश अवस्थी ने शुक्रवार को सिंगवासा तालाब पहुंचकर विसर्जन स्थल एवं वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। सीएमओ ने विसर्जन कुंड का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा लाई जाने वाली पूजन सामग्री को अलग से एकत्रित कर श्रद्धा एवं पवित्रता के साथ निर्धारित विसर्जन कुंड में विसर्जित कराया जाएगा।

5 से 11 अक्टूबर तक अग्रसेन जयंती महोत्सव

प्रथम निमंत्रण पत्र भगवान गणेश एवं महालक्ष्मी मंदिर में अर्पित कर की मंगलकामना




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

अग्रवाल ट्रस्ट, गुना द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी विवेक गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव 5 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों के क्रम में अग्रवाल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने श्री महालक्ष्मी मंदिर, अग्रसेन नगर पहुंचकर प्रथम निमंत्रण पत्र भगवान श्री गणेश जी को अर्पित किया और विधिवत पूजा-अर्चना कर मंगलकामना की। इसके बाद महालक्ष्मी मंदिर में भी पूजन-अर्चन कर निमंत्रण पत्र भेंट किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।आयोजकों ने बताया कि महोत्सव को सफल बनाने में समाज के सभी अग्र बंधुओं का सहयोग रहेगा। इस अवसर पर अग्रवाल ट्रस्ट, गुना के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल, सचिव इंजीनियर अनिल अग्रवाल, ओमप्रकाश सिंघल, मनोज बिंदल, जुगल किशोर, जगमोहन बंसल, गोवर्धन मित्तल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं नवयुवक दल के अध्यक्ष अनिल बिंदल, सचिव चंद्र कुमार , महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम बिंदल एवं सचिव स्वाति अग्रवाल सहित समाज के पदाधिकारियों ने सहभागिता करने की अपील की।

समाचार संक्षेप

जलझूलनी एकादशी पर पुजारियों का सम्मान



आरोन। नगर में जलझूलनी एकादशी महापर्व के अवसर पर जलविहार के उपरांत सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट, आरोन द्वारा निर्मित विशाल मारुति मानस भवन में श्रद्धालुओं को दर्शन देने के लिए दो दिनों तक विमान विराजमान रहे। इस अवसर पर सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट आरोन द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी सभी पुजारियों का सम्मान किया गया। ट्रस्ट की ओर से पुजारियों को शाल, नारियल एवं पुष्पहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी, हल्के नेताजी, ओमप्रकाश बैदल, हंस ट्रेलर, भगवान लाल , संजय कसेरा , रामवीर सिंह , संजीव साहू , बृजेश रघुवंशी सहित सभी ट्रस्टी उपस्थित रहे। सभी ट्रस्टियों ने पुजारियों का पुष्पहार से स्वागत एवं सम्मान किया।

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सरस्वती शिशु मंदिर खतौली में सामूहिक गीत गायन

चांचौड़ा। ग्राम भारती शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, खतौली में राम जानकी मंदिर (गढ़ी) परिसर में 'नमामि भारतम्' कार्यक्रम के अंतर्गत वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गीत गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11 बजे किया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक रूप से वंदे मातरम्-गीत का गायन किया। कार्यक्रम के संयोजक बद्री प्रसाद शर्मा रहे। मुख्य अतिथि के रूप में मनोज कुमार मीना तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय प्राथमिक विद्यालय खतौली के प्रधानाध्यापक दुर्गा प्रसाद शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार पारीक द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत कृष्णा शर्मा एवं कीर्ति लोधा दीदी द्वारा किया गया।

पंचायत दर्पण पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूल पर सचिवों एवं रोजगार सहायकों को दिया प्रशिक्षण



राघौगढ़। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे के निर्देशन एवं जनपद पंचायत राघौगढ़ के सीईओ गौरीशंकर राजपूत के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत सभागार राघौगढ़ में समस्त पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पंचायतों के क्रियान्वयन में निरंतर उपयोग किए जाने वाले पंचायत दर्पण पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूल की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर एवं जिला समन्वयक आरजीएसए, जिला पंचायत गुना संदीप मेहरा ने प्रतिभागियों को ओएसआर मैनेजमेंट, दृष्टि (अकाउंटिंग), एसेट मैपिंग, कंस्ट्रक्शन वर्क मैनेजमेंट सहित अन्य महत्वपूर्ण मॉड्यूल के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया।

उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना के साथ दस लक्षण पर्व का समापन

धीरपुर में मुनियों ने की धर्म साधना 27 सितंबर को निकलेगा विमानोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



जैन समाज के पवित्र दस लक्षण पर्व के अंतिम दिवस उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ की गई। राघौगढ़ में चातुर्मास कर रहे आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज के सान्निध्य में पिछले 10 दिनों से धर्म साधना कर रहे 20 विद्याधरों एवं 40 श्रावक-श्राविकाओं ने राघौगढ़ के समीप धीरपुर के जंगल में प्रातः 6 बजे से शाम 5 बजे तक धर्म साधना की।

इस अवसर पर श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर से पधारे अनिकेत शास्त्री जी ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि जैन धर्म के दस धर्मों में ब्रह्मचर्य का विशेष महत्व है। ब्रह्मचर्य का पालन करने के लिए व्यक्ति को जीवन के प्रत्येक कदम पर सावधानी और संयम की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पहनावे एवं श्रृंगार आदि के कारण मन में विकार उत्पन्न हो सकते हैं। इन विकारों पर नियंत्रण रखते हुए संयम एवं धर्म साधना करना ही उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना है।

बासुपूज्य स्वामी का मोक्ष कल्याणक मनाया

दस लक्षण पर्व के अंतिम दिवस प्रातः 6 बजे भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं सामूहिक पूजन किया गया। जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान बासुपूज्य स्वामी के मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में विशेष पूजा-अर्चना की गई। दोपहर 2 बजे श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से जल यात्रा का जुलूस निकाला गया। जल यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस विद्यासागर भवन पहुंची। यहां भगवान का कलशाभिषेक, पूजा-अर्चना की गई।

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस से कराया स्मरण

गत रात्रि आचार्य विद्यासागर पाठशाला के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में जैन समाज के प्राचीन सम्राटों का स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों ने सम्राट समुद्रगुप्त, सम्राट संप्रति, सम्राट कुमारपाल एवं रानी अकव्वा चौटा आदि के पात्रों का अभिनय कर जैन समाज के प्राचीन गौरव एवं इतिहास की झलक प्रस्तुत की।

अभा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन (ABPA) द्वारा शुक्रवार को सिविल अस्पताल आरोन में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में फार्मासिस्टों की स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ABPA के जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव ने फार्मासिस्ट दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति बीमार होकर अस्पताल पहुंचता है, तो डॉक्टर जांच के बाद दवा लिखते हैं और स्वस्थ होने पर मरीज डॉक्टर को धन्यवाद देता है। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में काउंटर पर मौजूद क्वालिफाइड फार्मासिस्ट की भूमिका कई बार नजरअंदाज हो जाती है। फार्मासिस्ट मरीज को दवा की सही मात्रा, सेवन का समय और उसके उपयोग की उचित जानकारी देता है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हड्डियों के बिना शरीर का खड़ा रहना संभव नहीं है, उसी प्रकार फार्मासिस्ट के बिना प्रभावी चिकित्सा व्यवस्था की कल्पना अधूरी है। डॉक्टर उपचार निर्धारित करते हैं, वहीं फार्मासिस्ट दवाओं के सही चुनाव, भंडारण, वितरण एवं मरीज को उचित परामर्श के माध्यम से उपचार को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कन्या महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय सेवा योजना का 57वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना का 57वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीवाजी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. हरिशंकर कंसाना तथा विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार सौरव जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा राधिका मीणा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, एनएसएस के नारे एवं लक्ष्य गीत प्रस्तुत किए। साथ ही पोस्टर निर्माण, रंगोली सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 स्वयंसेवकों को एनएसएस का 'बी' प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संदीप कुमार, डॉ. कुलदीप शर्मा, डॉ. राज मोहम्मद, श्रीमती नीलू माझी एवं गरुदेश व्यास सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. गोरेलाल बीसोरिया ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 155 मरीजों का पंजीयन, 25 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर एवं राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के सहयोग से शुक्रवार, 25 सितंबर 2026 को कुशवाहा जी रेस्टोरेंट, भोपाल रोड पेट्रोल पंप के सामने, मधुसूदनगढ़ में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ परमपूज्य रणछोड़दास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद शिविर में सेवाएं देने पहुंचे चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। शिविर में कुल 155 मरीजों का पंजीयन किया गया। जांच के उपरांत 25 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए गए, जबकि 95 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को आगामी प्रक्रिया एवं ऑपरेशन से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी गई। दंत चिकित्सा के अंतर्गत मरीजों के दांत एवं मसूड़ों की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। वहीं आयुर्वेदिक चिकित्सा के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ आवश्यक आयुर्वेदिक दवाइयां एवं टैबलेट प्रदान की गईं। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. हिमांशु शर्मा (बीनागंज), डॉ. सोनू शर्मा (बीनागंज) एवं डॉ. प्रदीप शाक्यवार ने अपनी सेवाएं दीं। सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट की ओर से इंचार्ज जीतू पाठक, डाल सिंह जादौन, रणवीर बघेल जादौन एवं प्रद्युम्न शर्मा सहित टीम के सदस्यों ने मरीजों के पंजीयन, जांच एवं अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग किया। शिविर का आयोजन जगदीश कुशवाह (कुशवाहा जी रेस्टोरेंट) एवं गुरुकृपा आयुर्वेदिक औषधि, मधुसूदनगढ़ के सहयोग से किया गया। आयोजकों द्वारा शिविर में पहुंचे सभी मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था भी की गई।

सेहराई महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय महाविद्यालय सेहराई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 57 वां राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत थीम पर मनाया गया साथ ही स्वय सेवकों को प्रशिक्षित करने हेतु अभिमुखीकरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ सुरेश कुमार गर्ग, डॉ विनोद कुमार गौतम, डॉ अली अहमद कुरैशी,डॉ संध्या अहिरवार रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षण मुख्य अतिथि प्राचार्य एवं जिला संगठक डॉ अतुल गुप्ता द्वारा दिया गया। स्वागत उद्बोधन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंजू सिहारे ने प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। डॉ गुप्ता ने एनएसएस के साथ अपने अनुभव साझा किए एवं विद्यार्थियों को एनएसएस से जुड़ने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना सिर्फ एक संगठन नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और निरूस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करने का एक बेहतरीन माध्यम है।यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे छोटे-छोटे प्रयास भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

डॉ. गौतम एवं डॉ अली अहमद कुरैशी ने एनएसएस एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ स्वयंसेवकों छोटू रैकवार ने शिविरों के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में विकसित भारत पर आधारित क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं एक दिवसीय शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं श्रमदान में अग्रणी रहने वाले स्वयंसेवकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति एवं स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेवक द्वारा किया गया एवं आभार स्वयंसेवक तरुण रजक ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिना यादव, तरनवीर कौर शिनी कुशवाह, संजीव यादव, सरताज खान साहिल खान, नितिन साहू, मलखान,तनिषा रजक, जसप्रीत कौर, मुस्कान यादव सहित विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अशोकनगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी श्रेया कंदोला के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को उनके एकात्म मानववाद, अंत्योदय तथा समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण से जुड़े विचारों से अवगत कराया गया तथा राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए "देश सेवा में मेरा योगदान" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए देश के विकास, सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्रसेवा में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सहसंयोजक, दिव्यांगजन प्रकोष्ठ, भाजपा बृज किशोर शर्मा रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वन नेशन वन इलेक्शन संयोजक अभिषेक पाठक एवं वन नेशन वन इलेक्शन सह-संयोजक अजय प्रताप रघुवंशी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य बी.के. बमोरिया की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक में नहीं निकला समाधान, गतिरोध जारी

स्वामित्व रजिस्ट्री पर सरकार और पटवारियों की वार्ता फिर बेनतीजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्वामित्व रजिस्ट्री को लेकर मध्यप्रदेश सरकार और पटवारियों के बीच चल रहा गतिरोध समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को भोपाल में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, एमएसएमई मंत्री चेतन कश्यप, खाद्य मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत एवं खेल मंत्री विश्वास सारंग की मौजूदगी में पटवारियों के साथ लगभग तीन घंटे तक विस्तृत वार्ता हुई। लंबी चर्चा के बावजूद पटवारियों की प्रमुख आपत्तियों का समाधान नहीं निकल सका और बैठक बेनतीजा रही। पटवारियों का कहना है कि स्वामित्व योजना के मूल कार्य का सर्वेक्षण एवं अभिलेख संबंधी कार्य पूर्व में ही पूर्ण किया जा चुका है। आबादी क्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों को उनके निवास से संबंधित अधिकार-पत्र एवं खसरा नकल उपलब्ध कराई जा चुकी है। वर्तमान में सरकार द्वारा इसी आबादी भूमि के पंजीयन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। सरकार का तर्क है कि रजिस्ट्री होने से ग्रामीणों को अपने निवास स्थान के आधार पर बैंक ऋण सहित अन्य सुविधाएं प्राप्त करने में सहूलियत होगी।

पटवारियों का कहना है कि उन्हें ग्रामीणों को अधिकार दिलाने वाली योजना से कोई आपत्ति नहीं है। पटवारियों ने स्वयं इस योजना के प्रारंभिक कार्य को पूरी मेहनत और जिम्मेदारी के साथ पूरा किया है। आपत्ति केवल इस बात को लेकर है कि अब पटवारियों को रजिस्ट्री प्रक्रिया में निष्पादक की भूमिका क्यों दी जा रही है और इस भूमिका के साथ आने वाली कानूनी एवं व्यक्तिगत जिम्मेदारी किस आधार पर पटवारियों पर डाली जा रही है।

जिलाध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी ने कहा कि "हम ग्रामीणों के अधिकारों के खिलाफ नहीं हैं और न ही स्वामित्व योजना को रोकना चाहते हैं। हम केवल यह चाहते हैं कि योजना के क्रियान्वयन में पटवारियों की भूमिका और जिम्मेदारी विधिसम्मत एवं स्पष्ट हो। सरकार हमारी इस जायज आपत्ति का समाधान करें, ताकि ग्रामीणों को उनका अधिकार भी मिले।



महाविद्यालय में बहुस्तरीय प्लास्टिक जागरूकता सत्र आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

महाविद्यालय में बहुस्तरीय प्लास्टिक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। सत्र में लगभग 80 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों को बहुस्तरीय प्लास्टिक के पर्यावरणीय दुष्प्रभावों, विशेषकर मृदा पर इसके प्रभाव तथा इसके जटिल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि वर्तमान में देश में बहुस्तरीय प्लास्टिक के प्रबंधन की प्रभावी एवं व्यापक व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। विद्यार्थियों को बहुस्तरीय प्लास्टिक अपशिष्ट को अलग से एकत्र कर पुणे स्थित अपसाईक्लिंग इन्टरप्राइज ईको का को दान करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि इसका उचित पुनःउपयोग एवं प्रबंधन किया जा सके। विगत 02 वर्षों से शासकीय नेहरू स्नाकोत्तर महाविद्यालय ईको क्लकब के माध्यम से समय समय पर प्लास्टिक एकत्रित कर इस संस्था को दान कर रहा है। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य विशाल नरवरिया के मार्गदर्शन एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ. दीक्षा भट्ट के समन्वय में किया गया।

चित्रकला, भाषण और स्वच्छता अभियान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासकीय महाविद्यालय सहराई में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला, भाषण एवं स्वच्छता अभियान जैसी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। प्रतियोगिता के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया जिससे प्रतियोगिता कक्ष का माहौल उल्लास पूर्ण हो गया।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ सुरेश कुमार गर्ग एवं सह-कार्यक्रम प्रभारी डॉ संध्या अहिरवार ने प्रतियोगिताओं से संबंधित छात्राओं को निर्देश दिए। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विकसित भारत मेरे सपनों का भारत थीम पर बहुत ही आकर्षक चित्रों के माध्यम से अपने सपनों के भारत को संजोया और छात्राओं द्वारा अपने भाषण को जोशीले अंदाज में प्रस्तुत किया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता में विकसित भारत के विजन 2047 तक का प्रभावपूर्ण एवं बारीकि से प्रस्तुत किया जो कि छात्रों की एक गहरी सोच को इंगित करता है। समस्त विधार्थियों ने आजीवन स्वच्छता के प्रति संकल्पित होकर अपने दैनिक जीवन में आचरण करने का संकल्प लिया। चित्रकला प्रतियोगिता के अंतर्गत दीक्षा ओझा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं तरनवीर कौर ने द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान जसप्रीत कौर ने प्राप्त किया।सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनम बानो एवं द्वितीय स्थान पूनम कुशवाहा तथा तृतीय स्थान तरनवीर कौर ने हासिल किया कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में विनोद कुमार गौतम, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डॉ. अंजू सिहारे, डॉ अली अहमद कुरेशी रहे।

2 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग चंदेरी श्री महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कदवाया द्वारा 02 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। उल्लेखनीय है कि थाना कदवाया द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ईसागढ़, जिला अशोकनगर द्वारा प्रकरण क्रमांक 209/21 में जारी स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर लगातार तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम कदवाया में आयोजित चैदस मेले में दबिश देकर स्थाई वारंटियों रिंकू उर्फ रामसिंह पुत्र दयाराम, जाति केवट, निवासी ग्राम कदवाया एवं दयाराम पुत्र चंदन सिंह केवट निवासी ग्राम कदवाया को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

समस्याओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

भगवान बलराम जयंती पर किसान संघ ने निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

भारतीय किसान संघ तहसील पिपरई द्वारा शुक्रवार को मंडी प्रांगण में भगवान बलराम जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बलराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण, तिलक एवं दीप प्रज्वलन से हुई। विभिन्न ग्रामों से पहुंचे किसानों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान पदाधिकारियों ने किसानों से जुड़े मुद्दों और जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इसके बाद नगर में चल समारोह निकाला गया, जिसमें भगवान बलराम जी की झांकी सजाई और बाहर से आए कलाकारों ने भजन एवं संगीत की प्रस्तुति दी। चल समारोह के बाद किसान संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर किसानों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। कार्यक्रम में तहसील पिपरई के विभिन्न ग्रामों सहित जिला स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत विशाल अहिरवार निवासी चंदेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने 18 से 24 सितंबर के बीच व्हाटस्एप के माध्यम से ऑनलाइन 29254 रूपए की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत 12 सितंबर को छीपौन में घर की अटारी में मृतिका कमली बाई पत्नि नीतेश अहिरवार ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, उक्त मामले की जांच अशोकनगर एसडीओपी विवेक शर्मा द्वारा की जा रही थी, जांच के बाद पुलिस ने पाया कि ससुराल पक्ष के द्वारा दहेज की मांग कमली बाई को प्रताड़ित किया, जिससे उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने ससुराल पक्ष के नीतेश,हरलाल, पिस्ता बाई अहिरवार निवासी छीपोन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कूढ़ई निवासी राजकुमार अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू, मोनू और राजधर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर थाना बामौरकला निवासी राहुल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र सिंह बुन्देला, जितेन्द्र बुन्देला, दीपेन्द्र व कुलदीप बुन्देला ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी तथा उसके डंफर में तोड़फोड़ की।जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ निवासी नरवीर लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पुरूषोत्तम, श्यामकिशोर, सचिन और शिवकुमार लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुलिया चक्क निवासी प्रीति जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरवीर जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरवाह निवासी धनकुंवर बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी घनश्याम लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करैया तुर्क निवासी भागवती बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति गोविन्द सिंह लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



अशोकनगर। 28 सितम्बर को वल्र्ड रेबीज डे है। इसी तारतम्य 22 सितम्बर से 28 सितम्बर 2026 तक वल्र्ड रेबीज वीक के रूप में मनाया जा रहा है। वर्ष 2026 की थीम स्ट्रोंग टूगेदर है। इसी उपलक्ष में स्वास्थ्य विभाग में जन जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रचार प्रसार सामग्रियों के द्वारा जागरूकता के लिए प्रयास किये जा रहे है। सी.एम.एच.ओ. डॉ. अलका त्रिवेदी द्वारा वताया गया कि जिले में श्वान के काटने की कई घटनायें सामने आती है। रेबीज एक घातक संक्रमण है। किन्तु समय पर उपचार एवं टीकाकरण कराने से रेबीज बिमारी से पूर्ण रूप से सुरक्षित हुआ जा सकता है। सी.एच.सी. शाढौरा में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमे बी.सी.एम. संजीव रघुवंशी द्वारा वताया गया कि श्वान के काटने पर घाव को तुरंत कम से कम 15 मिनिट तक वहते साफ पानी एवं साबुन से अच्छे तरह से धौये। घाव को धोने के बाद आयोडिन या अन्य उपयुक्त एंटी सेप्टिक लगाये। बिना देर किये नजदीकी अस्पताल जाकर डॉ. की सलाह के अनुसार जरूरी एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाएं।

हवन के साथ भंडारे का हुआ आयोजन, 10 दिवसीय महापर्व का समापन

गणेश प्रतिमाओं को तुलसी सरोवर पर विसर्जन, शहर में निकले चल समारोह







हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रिद्धी-सिद्धी के दाता मंगल मूर्ती भगवान गणपति जी के 10 दिवसीय महापर्व का गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समापन हो गया। शहर की सड़कों पर नाचते गाते हुए वुद्धि विनायक भगवान गणपति जी को विर्सजन के लिए ले जाया गया। सड़कों पर उत्सव नजर आया, शहर के तुलसी सरोवर पर बनाए गए विसर्जन कुण्ड में प्रतिमाओं का विसर्जन भक्ति भाव से किया गया।

अशोकनगर शहर में गणपति जी अनगिनत प्रतिमाएं सजाई गईं थीं। इन झांकियों की शुरूआत गणेश चतुर्थी के दिन हुई थी और प्रतिदिन इन झांकियों में आस्था और भक्ति के साथ उल्लास देखा गया। श्रद्धालुओं ने सबसे बड़े देव कहे जाने वाले गणपति जी की पूजा अर्चना की आरती उतारी। इन झांकियों में प्रतिदिन गणपति जी की जयकारा होती देखी गई। गणपति जी की झांकियों में इस बार कई प्रकार की विविधता देखने को मिली। अनेक झांकियों में गणपति जी के नए स्वरूप को दर्शाया गया था। छोटे से छोटे और बडे.आकार की इन प्रतिमाओं को सजाया गया था। शहर का गणेश उत्सव पर्व पर अशोकनगर की वर्षों पुरानी धार्मिक आस्थाओं का हिस्सा है। यह पर्व सुख समृद्धि और सम्पन्नता का एवं खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व के आते ही लोगों में खुशियां छा जाती हैं।

गणेश उत्सव के समापन पर शहर में एक बाद एक झांकियों को विसर्जन के लिए ले जाया गया। सड़कों पर गाजे बाजों के साथ नाचते गाते हुए लोगों को देखा गया। इससे पहले झांकी स्थलों पर हवन पूजन के साथ भण्डारें के आयोजन किए गए। जहां पर लोगों ने प्रसादी प्राप्त की। इससे पहले आयोजित समारोह में कई कार्यक्रम भी देखने को मिले। महाराष्ट्र समाज की ओर से सम्मान समारोह और पुरूस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जहां विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस तरह गणपति जी के इस पर्व पर घर-घर में विराजमान किए गए गणपति जी की प्रतिमाओं को भी अनेक परिवार विसर्जन के लिए तुलसी सरोवर पर पहुंचे और प्रतिमाओं को पूजा अर्चना के साथ जल में विसर्जन किया गया। इस मौके पर पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा, सुरक्षा के शहर में पुख्ता प्रबंध किए गए थे।

तार वाले बालाजी व गणेश मंदिर से चल समारोह निकले





अशोकनगर। शहर में 10 दिवसीय गणपति जी के समापन समारोह के दिन शहर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान के चल समारोह भक्ति भाव से निकाले गए। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी। तार वाले बालाजी मंदिर से यह चल समारोह निकाला गया, इस मौके पर श्रद्धालुओं के भक्ति भाव से भाग लिया। भजन कीर्तनों के आयोजन हुए। यह चल समारोह शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। इसी प्रकार क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के गणेश मंदिर से भी चल समारोह निकाला गया। जिसमें स्वर्णकार समाज के लोगों ने भाग लिया। यह चल समारोह भी शहर के विभिन्न मार्गों से निकला। जगह-जगह पूजा अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई जगह अखाड़ों के आयोजन भी देखे गए। जगह-जगह स्वागत भी किया गया। महिलाएं भी बड़ी संख्या में इन चल समारोह में एक जैसी वेस भूषा धारण कर नाचते गाते और आरती करते हुए देखी गईं।

गणेश विसर्जन जुलूस में नाचे गोरिल्ला



अशोकनगर। शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर करखे के प्राचीन गणेश मंदिर पर स्थापित गणेश प्रतिमा का विसर्जन समारोह पूर्वक किया गया।

इस दौरान गणेशोत्सव समिति ने पिछले वर्ष की भांति कलाकारों की मंडली बुलाई थी, जिसने मुंह से आग का गोला हवा में बनाकर हैरत अंगेज करतब दिखाए। कुछ कलाकारों ने शिव, पार्वती, वीरभद्र एवं भूत-प्रेतों का स्वरूप बना रखा था। जिन्होंने नृत्य से मन मोह लिया। इस जुलूस में बच्चों के आकर्षण का केन्द्र दो बड़े-बड़े गोरिल्ला रहे। जिन्होंने झूमते हुए नृत्य किया। देर शाम कैथन नदी के गणेश घाट पर भावभीने वातावरण में गणेश जी की प्रतिमा का विधि विधान से विसर्जन किया गया। समिति के सदस्यों की विसर्जन के दौरान रूलाई फूट पड़ी। समूचे आयोजन में हजारों लोग मौजूद थे। बता दें कि कैथन नदी के तट पर गणेश जी का प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर के समीप ही घाट बनाया गया है। मंदिर पर कई वर्षों से गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक प्रतिमा स्थापना की जाती है। जिसकी आरती में शाम के समय सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। दस दिवसीय आयोजन में संगीत संध्या, भजन-कीर्तन, यज्ञ-हवन एवं चतुर्दशी पर विशाल भंडारा किया जाता है।


धूमधाम से निकला अनंत चतुर्दशी का चल समारोह



राजपुर। राजपुर में दिगम्बर जैन समाज द्वारा पर्युषण महापर्व के समापन दिवस पर भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह जैन मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड चैराहे पर पहुंचा और मेन मार्केट, गांधी पार्क, रामलीला मंच होते हुए वापिस जैन मंदिर पर समाप्त हुआ। तत्पश्चात संत शाला में अभिषेक पूजन शांतिधारा संपन्न हुई। शांतिधारा करने का सौभाग्य शांतिलाल धनकुमार जैन और शांतिलाल विकास कुमार जैन को प्राप्त हुआ। फूलमाल ज्ञानमाल का सौभाग्य अमित कुमार नितिन कुमार जैन और नरेश चंद नीरज कुमार जैन को प्राप्त हुआ।

अशोकनगर व गुना दोनों जिलों का प्रशासन पहुंचा

प्रतिमा विसर्जित करने गया शाढ़ौरा का युवक सिंध नदी में बहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रतिमा विसर्जन को लेकर फिर बड़ी चूक सामने आई है यह घटना अशोकनगर और गुना जिले के बीच बहने वाली सिंध नदी पर हुई। यहां शाढ़ौरा में लगाई गई एक झांकी में विराजमान किए गए गणपति जी को विसर्जित करने के दौरान एक युवक का पैर फिसल गया। देखते देखते ही वह सिंध नही के पानी के बहाव में बह गया, अशोकनगर और गुना दोनों जिलों का प्रशासन मौके पर पहुंच गया है।

घटना शुक्रवार के दोपहर 4 बजे की है घटना के बारे में बताया गया है कि शाढ़ौरा के कटरा मोहल्ला में बच्चों ने गणपति जी की झांकी सजाई थी। विसर्जन के दिन गणपति जी को सिंध नदी में विसर्जित करने के लिए बच्चों के साथ मोहल्ले के कुछ युवा भी गए थे, जब प्रतिमा को विसर्जित किया जा रहा था उसी दौरान अचानक प्रदीप पुत्र मनोज कोरी उम्र 24 साल का पैर फिसल गया जिससे वह सिंध नदी के जल में बह गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद शाढ़ौरा थाने की सीमा होने से शाढ़ौरा थाने का पुलिस बल व प्रशासन मौके पर पहुंचा लेकिन युवक का पता नहीं चला है।

घटना की कहानी यह है कि सिंध नदी का जो एक हिस्सा अशोकनगर की साइड है वह अशोकनगर जिले में आता है और जो दूसरी साइड है वह गुना जिले में आती है, बताया गया है कि शाढ़ौरा प्रशासन ने प्रतिमा विसर्जन के लिए अशोकनगर जिले की सीमा में घाट निर्धारित किए थे उन्ही स्थानों से प्रतिमा विसर्जित की जाना थी, किन्तु झांकी आयोजन प्रतिमा विसर्जित करने के लिए गुना जिले की सीमा में आने वाले स्थान पर प्रतिमा ले गए और विसर्जन करने के दौरान यह घटना हुई। चूकि घटना क्षेत्र गुना जिले की सीमा है इसलिए गुना की कैंट थाने की पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पहुंच गई है और युवक की तलाश की जा रही है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किए श्रद्धा सुमन अर्पित



अशोकनगर। एकात्म मानववाद के प्रणेता,राष्ट्र चिंतक एवं अंत्योदय के महान प्रेरणास्रोत पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती शुक्रवार को भाजपा द्वारा जिले के सभी बूथों पर मनाई गई। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सलिल त्रिपाठी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभय ठाकुर सोनू रघुवंशी महेश रघुवंशी रविंद्र यादव वरुण यादव आलोक शर्मा मुकेश पाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का राष्ट्र और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान का उनका संकल्प सदैव हमें राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

पर्यूषण पर्व का 10वां दिनः वासना की उपासना का परित्याग ही ब्रह्मचर्य हैः मुनिश्री निरंजन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





दस लक्षण पर्व के 10वे दिन उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने कहा कि परिणामों की अत्यन्त निर्मलता का नाम है ब्रह्मचर्य, अपनी आत्मा में लीन हो जाने का नाम ही ब्रह्मचर्य है। ब्रह्म के मायने है आत्मा। ऐसी आत्मलीनता जिसमें बाह्य जितने भी पदार्थ हैं उनके प्रति आसक्ति शेष न रहे।

उन्होंने कहा कि हम लोग पाँचों इन्द्रियों और मन के विषयों में आसक्त होते हैं और अपनी आत्मा के स्वभाव को भूल जाते हैं। थोड़ा-सा अभ्यास करें कि शरीर से हटकर आत्मा की तरफ हमारा ध्यान चला जाये। कठिन लगेगी यह बात, लेकिन ज्यादा कठिन नहीं है। यह परिणामों की निर्मलता का व्रत है। हम लोगों ने इसको बहुत कठिन, बहुत मुश्किल-सा मान लिया है और किसी के प्रति हम हमारी आँख बहुत जल्दी खराब कर लेते हैं, हम इससे बचें, उसकी देह में आसक्ति न रखकर उसके जीवन के कल्याण के प्रति अपने मन में भाव उत्पन्न करें तो कोई कारण नहीं फिर हम इस ब्रह्मचर्य को न समझ सकें। नारी हमारी वासना है, वरना तो वह किसी की माँ है, किसी की बेटी है, किसी की बहन है, सिर्फ हमने अपनी वासना से उसे जो रूप दिया है, अपने भीतर की उस वासनाओं को, कामनाओं को तपने का नाम है उत्तम ब्रह्मचर्य। जितेन्द्रिय होना ही ब्रह्मचर्य की सही पहचान है। यही सच्ची साधना और अध्ययन का फल है। बड़ी-बड़ी पोथी पढ़ने वाले भी इसमें हार जाते हैं।

आज ब्रह्मचर्य के दिन मैं यही कहना चाह रहा हूँ कि वस्तुतः भोग्य पदार्थ की ओर झुका हुआ पुरुष वासना का दास बनकर संसार बसाता है और भोग्य पदार्थ जब स्वयं उसकी ओर देखने लगे अर्थात उसका वरण करने को उत्सुक हो जाएँ तो वह पुरुष तीन-लोक का नाथ बन जाता है। आज पुरुष की दृष्टि भोग्य पदार्थों की ओर जा रही है। यही विकृति है, विकार है। पदार्थों की ओर होने वाली दौड़ ही व्यक्ति को कंगाल बनाती है। जो अपने में है, स्वस्थ है, उसके पास ही मौलिक सम्पदा आज भी है, इसका एकमात्र ध्येय मुक्ति लक्ष्मी का है। एक तरफ वासना है, तो दूसरी तरफ उपासना है। उपासना के सामने वासना को घुटने टेकने ही पड़ेंगे। ब्रह्म का मतलब आत्मा और चर्या का मतलब उसमें टिके रहना।

इसके बाद विदुषी बहन सृष्टि दीदी ने कहा कि दशलक्षण पर्व सिर्फ 10 दिनों तक मंदिर आने या उपवास करने का नाम नहीं है, बल्कि यह अपने अंदर की बुराइयों को दूर करने का मौका है। इन 10 दिनों में हमने जो अच्छी बातें, त्याग और संयम सीखा है, उसे पूरे साल अपने रोजमर्रा के जीवन में उतारना चाहिए, तभी इस पर्व को मनाने का सही लाभ मिलेगा।

दशलक्षण पर्व के समापन पर बहादुरपुर में अनंत चतुर्दशी पर धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री चंद्रप्रभु जिनालय में विदुषी बहन सृष्टि दीदी और राशि दीदी के मार्गदर्शन में पिछले 10 दिनों से चल रहे दशलक्षण पर्व का अनंत चतुर्दशी पर उत्तम ब्रह्मचर्य की पूजा और भव्य शोभायात्रा के साथ समापन हुआ।

इस मौक पर विदुषी बहन राशि दीदी ने ब्रह्मचर्य का मतलब सिर्फ शरीर पर संयम रखना नहीं है, बल्कि अपनी आत्मा में लीन होना और मन को काबू में रखना ही सच्चा ब्रह्मचर्य है। जब तक इंसान सांसारिक सुखों और इच्छाओं के पीछे भागता रहेगा, तब तक उसे सच्चा सुख और शांति नहीं मिल सकती। अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखकर आत्म-कल्याण की राह पर चलना ही मोक्ष का रास्ता खोलता है।धर्मसभा में राशि दीदी ने सीधे और सरल शब्दों में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म को समझाया। उन्होंने कहा कि



नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

अनंत चतुर्दशी के मौके पर दोपहर में नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के आगे धर्म ध्वजा लिए श्रद्धालु चल रहे थे, पीछे बैंड-बाजों की धुन पर युवा भक्ति में झूमते दिखे। महिला एवं युवा वर्ग जयकारे लगाते हुई आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा का जैन श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर स्वागत किया। रात्रि में पाठशाला परिवार द्वारा प्रश्नमंच एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

श्रद्धालु श्रावक श्राविकाएं ने लगाए जैन धर्म के जयकारे

पर्यूषण पर्व के समापन पर जैन समाज ने निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

तहसील मुख्यालय पर जैन समाज द्वारा पर्वोधीराज पर्यूषण पर्व के अंतिम बेला में शुक्रवार तीन बजे से पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से चल समारोह आरंभ हुआ जिसमें जैन समाज नई सराय के एवं आस पीस ग्रामीणों में रहने वाले जैन समाज के लोग एकत्रित हुए।

जिसमें महिलाएं, पुरुष व बच्चे जैन धर्म का झंडा एवं महिला एवं पुरुष डांडिया खेलते हुए चल रहे थे वह सभी जैन धर्म के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे बच्चे भी जैन धर्म के भजनों पर नाच रहे थे चल समारोह जैन मंदिर गली, पावर हाउस,बस स्टैंड, मेंन मार्केट, हाट बाजार होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंचे यहां पर श्री जी का अभिषेक शांतिधारा फूल माला व पूजा अर्चना की गई साथ में कई अन्य कार्यक्रम भी किए गए। दिगंबर जैन धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण और कठिन तपस्या मानी जाती है पर्युषण के द्वारा जैन अनुयायी आत्म बुद्धि संयम और तपस्या के मार्ग पर चलकर मोक्ष की प्राप्ति करते हैं निर्जल उपवास का अर्थ है बिना पानी पिए उपवास रखना जो इस पर्व की कठोर तपस्या में एक है।



सीएमओ की गैर मौजूदगी पर नेताओं का फूटा गुस्सा

एल्डरमैनों के सम्मान समारोह में बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चदेरी

नगर पालिका परिषद में नव नियुक्त एल्डरमेनों के सम्मान समारोह के दौरान उस समय माहौल गरमा गया, जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी की अनुपस्थिति को लेकर मौजूद नेताओं ने नाराजगी जताई। समारोह में पहुंचे जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों से व्यवस्थाओं में सुधार करने की बात कही। देखते ही देखते कार्यक्रम का माहौल काफी गर्म हो गया।

जानकारी के अनुसार नव नियुक्त एल्डरमेनों के सम्मान के लिए नगर पालिका परिषद में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा नेता, कार्यकर्ता और एल्डरमेन मौजूद थे। हालांकि सीएमओ की अनुपस्थिति नेताओं को नागवार



गुजरी। इसको लेकर नेताओं ने नाराजगी जाहिर की और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

सम्मान समारोह के बाद नेताओं ने नगर पालिका परिषद के कार्यालय में पहुंचकर भी अपनी नाराजगी जाहिर की। नेताओं ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाते हुए संबंधित जिम्मेदारों को व्यवस्थाओं में सुधार करने की चेतावनी दी। नेताओं ने स्पष्ट लहजे में कहा कि नगर पालिका की कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार किया जाना चाहिए, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में नगराध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह भोंदेला, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष अखिलेश लोधी, ज्योति खरका और राधा प्रजापति सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं लगभग सभी नव नियुक्त एल्डरमेन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इनमें रामकिशोर पटेरिया, महेंद्र जैन, राधेश जैन, संतोष लिटोरिया, अंटुल श्रीवास्तव सहित अन्य एल्डरमेन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नेताओं की नाराजगी और नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर उठाए गए सवालों के बाद मामला स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया। नेताओं ने व्यवस्थाओं में सुधार की अपेक्षा जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को भविष्य में ऐसी स्थिति नहीं बनने देने की बात कही।

ई-रिक्शा से नगर भ्रमण कर राज्यमंत्री डॉ. टेटवाल ने नागरिकों से किया संवाद

स्वच्छता, हरित व प्रदूषणमुक्त परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री एवं सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को ई-रिक्शा से नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से सीधे संवाद कर स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषणमुक्त परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

नगर भ्रमण के दौरान डॉ. टेटवाल ने नागरिकों से उनकी समस्याओं, सुझावों एवं स्थानीय मुद्दों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा जैसे पर्यावरण-अनुकूल परिवहन साधनों को अपनाना ईंधन की बचत के साथ प्रदूषण कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नागरिकों से ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने तथा स्वच्छ एवं हरित परिवहन के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ. टेटवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। स्वच्छ एवं हरित परिवहन को बढ़ावा देकर आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर और प्रदूषणमुक्त वातावरण तैयार किया जा सकता है।



होली एंजल्स स्कूल की शिवानी मीणा ने वुशु में जीता गोल्ड



हरिभूमि न्यूज. कुरावर


जबलपुर में 21 से 25 सितंबर तक आयोजित 70वें एमपी स्कूल गेम्स एसजीएफआई में कुरावर की छात्रा शिवानी मीणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 वुशु प्रतियोगिता के 56 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। शिवानी की इस उपलब्धि से कुरावर नगर के साथ ही पूरे भोपाल संभाग का नाम रोशन हुआ है। शिवानी मीणा रामकेश मीणा की बेटी हैं और होली एंजल्स किड्स एकेडमी, कुरावर की छात्रा हैं। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के पीछे शिवानी की कड़ी मेहनत, परिवार का सहयोग और स्कूल के फिजिकल एजुकेशन टीचर एवं कोच रवि टमोली और धर्मेश बबानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

लगातार राज्य स्तरीय प्रतिभाएं तैयार कर रहा स्कूल

होली एंजल्स स्कूल द्वारा खेल प्रतिभाओं को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्कूल की ओर से पूर्व में भी विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने उपलब्धियां हासिल की हैं। सत्र 2025-26 में सौम्या सिंह ने रेसलिंग में, जबकि सत्र 2024-25 में जेन्स जेस्टिन ने ताइक्वांडो में पदक हासिल किया था। अब सत्र 2026-27 में शिवानी मीणा ने वुशु में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया है।षिवानी की सफलता पर जिला षिक्षा अधिकारी, खेल अधिकारी एवं संकुल प्रभारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्वल भविष्य की षुभकामनाएं दीं। षिवानी की इस उपलब्धि से स्कूल, परिवार और क्षेत्र में खुषी का माहौल है।

गणेश पंडालों की साज सज्जा ने शहर को आकर्षित किया आस्था का माहौल बना रहा

शहर में धूमधाम से मनाया गए 10 दिवसीय गणेशोत्सव का विर्सजन के साथ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शहर में गणेश चर्तुथी से शुरू हुए दस दिवसीय गणेशोत्सव का शुक्रवार को विर्सजन से साथ समापन हो गया है। इस दौरान नगर में जगह-जगह बाल मंडलियों सहित बड़ी समितियों द्वारा गणेश पंडालों की साज सज्जा कर शहर को आकर्षक के साथ आस्था का माहौल बना दिया। इस दौरान शहर के पीपल चैराहे, एसडीएम निवास, मुलतानपुरा, सुठालिया रोड़, राजगढ़ रोड, मेन ए.बी. रोड, आदर्ष कालौनी, शहीद कालौनी, विद्यार्थी नगर, स्वरूप नगर सहित सैकड़ों स्थानों पर गणेष पांडाल बनाए गए थे।



विद्यार्थी नगर में हुआ भंडारे का आयोजन

वहीं, शहर के बस स्टैंड के पास स्थित विद्यार्थी नगर में भी श्री गणेशोत्सव पर्व का दस दिन तक धूमधाम से मनाया गया। गणेषजी के विर्सजन के एक दिन पहले गणेष पांडाल में संगीतमय सुंदरकाण्ड का आयोजन कर विषाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। इस अवसर पर बाल गणेष मंडली के रामकरण तंवर, जयंत शर्मा, राहुल तंवर, गोविंद यादव, बलराम यादव, आदित्य यादव, नमन यादव, मंयक यादव, केषव मीणा, अथर्व राजपूत सहित दर्जनों छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थीनगर के रहवासियों के सहयोग से विशाल आयोजन उत्साह के साथ मनाया। जिसमें महिला-पुरुषों ने भी प्रतिदिन होने वाली आरती में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

कलेक्टर, एसपी ने मूर्ति विसर्जन स्थलों का लिया जायजा



राजगढ़। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर जिले में मूर्ति विसर्जन को लेकर की गई व्यवस्थाओं का कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने नरसिंहगढ़ एवं कुरावर में निरीक्षण किया। उन्होंने विसर्जन स्थलों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मूर्ति विसर्जन स्थल पर सुरक्षा, प्रकाश, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनंत चतुर्दशी के अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यावरा-नरसिंहगढ़ गोविंद दुबे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

गणेश उत्सव संपन्न, राज्य मंत्री टेटवाल ने मिट्टी की प्रतिमा का किया विसर्जन, पर्यावरण का दिया संदेश



सारंगपुर। दस दिवसीय गणेश उत्सव शुक्रवार को विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। नगर में छोटे बड़े दर्जनों पंडालों में विराजित गणेश जी की महा आरती की गई। विभिन्न गणेश उत्सव समिति के द्वारा गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया।प्रतिमा विसर्जन के दौरान नगर में सुरक्षा चाक चैबंद रही वही विसर्जन कुंड से लेकर कपिलेश्वर तीर्थ धाम स्थित कालीसिंध नदी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने मिट्टी से बनी प्रतिमा का विधि विधान के साथ पूजन कर विसर्जन किया वहीं हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा सभी गणेश पंडालों में पहुंचकर गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए प्राप्त सुरक्षा व्यवस्था की बात कही ।गणेश विसर्जन के साथ ही देर रात आकर्षक झाकियों के जुलूस में शामिल होने की हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला ने अपील की।

150वीं जयंती पर विद्या भारती में 'नमामि भारत' कार्यक्रम किया

वंदे मातरम का किया सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



वंदे मातरम की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विद्या भारती द्वारा आयोजित 'नमामि भारत' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को ब्यावरा में तीन स्थानों पर सामूहिक वंदे मातरम् गायन हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर (सीबीएसई), पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और विवेकानंद एकेडमी में आयोजित कार्यक्रमों में करीब 1500 विद्यार्थी, अभिभावक, पूर्व छात्र, समिति सदस्य और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीओ दिलीप कुमार शर्मा रहे। अध्यक्षता नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार गुप्ता ने की। मुख्य वक्ता विद्यालय सचिव मुकेश सेन रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र शर्मा रहे।

मुख्य वक्ता मुकेश सेन ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारतभूमि के प्रति श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति की अभिव्यक्ति है। वंदे मातरम ने देशवासियों में राष्ट्रीय चेतना और स्वाधीनता की भावना जगाने का कार्य किया। इसकी 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गायन नई पीढ़ी को देश के इतिहास, संस्कृति और स्वतंत्रता संघर्ष से जोड़ने का माध्यम है। वंदे मातरम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका निभाई।

वंदे मातरम राष्ट्रीय चेतना का प्रतीकः चंद्रकांत त्रिपाठी

पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुख्य वक्ता चंद्रकांत त्रिपाठी ने कहा कि वंदे मातरम भारत की मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और समर्पण की भावना का प्रतीक है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय इस गीत ने लोगों को एकजुट करने और उनमें राष्ट्रभावना जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वंदे मातरम की 150वीं जयंती पर देशभर में सामूहिक गायन का आयोजन कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने का अवसर है।

विद्यार्थियों, आचार्यों, अभिभावकों एवं नागरिकों ने एक स्वर व एक लय में पूर्ण वंदे मातरम का गायन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



वंदे मातरम के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के मार्गदर्शन में आयोजित देशव्यापी अभियान 'नमामि भारतम' के अंतर्गत शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर सारंगपुर में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों, आचार्यों, अभिभावकों एवं नागरिकों ने एक स्वर और एक लय में पूर्ण वंदे मातरम् का गायन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां भारती के वंदन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, मुख्य वक्ता गुरुचरण गौड़, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना नीलेश वर्मा, शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता गुप्ता तथा विद्यालय समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता गुरुचरण गौड़ ने कहा कि 'नमामि भारतम' केवल सामूहिक गायन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को राष्ट्रीय चेतना, संस्कृति, संस्कार एवं स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली परंपरा से जोड़ने का प्रयास है।

उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रभक्ति को अपने आचरण एवं कर्तव्य पालन में उतारने का आह्वान किया। वही मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस गीत ने देशवासियों में राष्ट्रभाव, साहस एवं समर्पण की भावना जागृत की। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति और स्वतंत्रता के इतिहास से जुड़े रहने का आह्वान किया। अंत में सभी उपस्थितजनों ने सावधान मुद्रा में पूर्ण वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। 'भारत माता की जय' एवं 'वंदे मातरम' के उद्घोष से विद्यालय परिसर गुंजायमान हो उठा। संचालन हरीश सोलंकी ने किया तथा आभार अशोक साहू ने व्यक्त किया गया।इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, विष्णु पाटीदार, सुशील व्यास, विष्णु प्रसाद जोशी, अनिल बारकिया, महेश पाटीदार, आशुतोष वैध सहित कई लोग मौजूद थे।

हमारी बुराइयां ले जाओ बप्पा...



राजगढ़। 10 दिवसीय गणेशोत्सव का अनंत चतुर्दशी पर समापन हो गया। जिले में हजारों स्थानों पर विराजित गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान लोगों ने सभी के सुख, शांति, समृद्धि की कामना करते हुए अपने अंदर की बुराइयों के विसर्जन की भी कामना की।

दूध में मिलावट जांचने पहुंची टीम, सैंपल भोपाल लैब भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



दूध एवं दूध निर्मित पदार्थों में मिलावट की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग द्वारा लगातार जिले में कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र खत्री ओर टीम द्वारा खिलचीपुर, जीरापुर क्षेत्र में पहुंचकर रेपिड टेस्ट किट के माध्यम से दूध डेयरियां के दूध की जांच की गई। खत्री ने बताया कि भानुपरा गांव में विष्णु दांगी की डेयरी एवं जीरापुर के टेंशन चैराहे स्थित महाकाल दूध डेयरी से दो अलग-अलग सैंपल लिए गए। इन सैंपलों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर रेपिड टेस्टिंग किट से भी दूध की जांच की गई। इस किट के जरिए प्राथमिक रूप से दूध में यूरिया, माल्टोस, स्टार्च, सॉल्ट, न्यूट्रलाईजर, डिटरजेंट, सोड़ा आदि की मिलावट की जांच रंग परिवर्तन के जरिए की जा सकती है। इसमें किसी केमिकल की आवश्यकता नहीं होती है।

अधिकारी बदले तो दोबारा सक्रिय हो गया कॉलोनाइजर

अवैध कालोनी में मुरुम का भराव, एसडीएम की रोक के बाद फिर शुरू किया निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों के निर्माण को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। इसी क्रम में सारंगपुर के समीप एबी रोड स्थित ग्राम एहसानपुरा में सर्वे में कथित रूप से बिना अनुमति कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि उक्त भूमि पर पूर्व में तत्कालीन एसडीएम द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण को लेकर रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद अब अधिकारी के स्थानांतरण के बाद सर्वे में दोबारा कॉलोनी विकसित करने की गतिविधियां शुरू होने का आरोप है। मौके पर प्लॉटनुमा क्षेत्र तैयार करने के लिए मुरम का भराव कर सड़कनुमा रास्ते बनाए जाने की बात सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बिना सक्षम अनुमति के यह कार्य किया जा रहा है तो इसकी जांच कर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए।

पटवारी के बयान पर उठे सवाल

मामले को लेकर स्थानीय पटवारी से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि "जिसकी जमीन है, वह कुछ भी करे, हम क्या करें।" पटवारी के इस कथन को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि राजस्व विभाग के स्तर पर भूमि संबंधी गतिविधियों की निगरानी और आवश्यक कार्रवाई की जिम्मेदारी अधिकारियों की होती है। वहीं मामले में तहसीलदार सारंगपुर से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि स्थानीय पटवारी को मौके पर भेजकर मामले को दिखवाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति के कोई भी कॉलोनी निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता।

एसडीएम को भी कराया अवगत

मामले की जानकारी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी जय सोलंकी को भी दी गई है। अब देखना यह है कि यदि जांच में बिना अनुमति कॉलोनी विकसित करने और अवैध रूप से मुरम भराव किए जाने की पुष्टि होती है तो प्रशासन संबंधित लोगों के विरुद्ध क्या कार्रवाई करता है। साथ ही पूर्व में लगाई गई रोक के बावजूद दोबारा निर्माण गतिविधियां कैसे शुरू हुईं, इसकी भी जांच की आवश्यकता है।